भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2712** जिसका उत्तर

मंगलवार, 11 अगस्त, 2026 (20 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाना है

महाराष्ट्र में तटीय पोत परिवहन एवं अंतर्देशीय जल परिवहन

2712 श्री धनंजय भीमराव महाडिक:

क्या **पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में तटीय पोत परिवहन एवं अंतर्देशीय जल परिवहन संपर्क में सुधार के लिए उपाय किए हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान संस्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं के लिए कितनी निधि आवंटित एवं निर्गत की गई है; और

(घ) संभार-तंत्र संबंधी लागत में कमी लाने तथा सतत परिवहन को बढ़ावा देने से क्या-क्या लाभ अपेक्षित हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) जी, हां। सरकार ने महाराष्ट्र में तटीय पोत परिवहन तथा अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं।

(ख) से (घ) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत महाराष्ट्र में यात्री जेट्टी, फेरी टर्मिनल तथा संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए 18 रो-रो/रो-पैक्स अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं तथा उनकी लागत का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध-II में दी गई है।

इन पहलों से मल्टीमॉडल संपर्कता के सुदृढ़ीकरण, जलमार्गों के सड़क एवं रेल नेटवर्क के साथ बेहतर एकीकरण के माध्यम से लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार, पत्तन-आधारित एवं लॉजिस्टिक्स अवसंरचना के विकास को सुगम बनाने के लिए तटीय पोत परिवहन तथा अंतर्देशीय जल परिवहन को बढ़ावा मिलने, सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होने, अधिक स्वच्छ एवं ऊर्जा-कुशल परिवहन साधनों के प्रोत्साहित होने, कार्बन उत्सर्जन में कमी होने तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने में सहायता मिलने की अपेक्षा है।

****

अनुबंध-I

दिनांक 11.08.2026 को उत्तरित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2712 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

विगत तीन वर्षों के दौरान सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)
1	महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मोरा में रो-पैक्स जेट्टी एवं टर्मिनल का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	82.92
2	रेवास में रो-रो सेवा का विकास।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	21.66
3	मनोरी, महाराष्ट्र में रो-रो जेट्टी की सुविधा के लिए एप्रोच जेट्टी, स्लोपिंग बर्थ जेट्टी तथा एप्रोच रोड का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	6.59
4	अर्नाला किला, तालुका वसई, जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	9.94
5	रायगढ़ जिले के जंजीरा किले में यात्री जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	121.23
6	रायगढ़ जिले के काशीद में पर्यटन जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	99.82
7	मांडवा में ब्रेकवाटर का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	72.14
8	मांडवा पत्तन विकास के मांडवा चरण-2 में रो-रो सेवा।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	63.00
9	वसई में रो-रो जेट्टियों का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	6.73
10	भयंदर, महाराष्ट्र में रो-रो जेट्टी की सुविधा के लिए एप्रोच जेट्टी, स्लोपिंग बर्थ जेट्टी तथा एप्रोच रोड का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	7.25
11	महाराष्ट्र के नारंगी (विरार) में रो-रो जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	6.75

12	घोड़बंदर में जेट्टियों का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	7.40
13	महाराष्ट्र के मालवण में रो-रो जेट्टी तथा सिंधुदुर्ग पत्तन में यात्री जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	10.63
14	मांडवा में रो-रो-पैक्स सेवाओं के लिए नौचालन चैनल में ड्रेजिंग।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	16.54
15	कान्होजी आंग्रे द्वीप में यात्री नौका लैंडिंग जेट्टी का निर्माण।	मुंबई पत्तन प्राधिकरण	7.68
16	महाराष्ट्र के बेलापुर में पर्यटन जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	6.50
17	महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के वेलदूर में पर्यटन जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	7.06
18	रायगढ़ जिले के अंबाडावे-शिगवण में रो-रो जेट्टी का निर्माण।	महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड	7.37

अनुबंध-II

दिनांक 11.08.2026 को उत्तरित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2712 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में आईडब्ल्यूएआई द्वारा संस्वीकृत परियोजनाएं:

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**राशि (करोड़ रुपये में)**
1	इलेक्ट्रॉनिक नेविगेशन चार्ट (ईएनसी) तैयार करने के लिए नदी अंबा (रा.ज.-10), डाभोल क्रीक-वशिष्ठी नदी (रा.ज.-28) तथा उल्हास नदी-वसई क्रीक-ठाणे क्रीक-मुंबई जलमार्ग (रा.ज.-53) में विस्तृत हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण।	1.11
2	महाराष्ट्र के राष्ट्रीय जलमार्गों में एनआरटी एंड एनएस के कार्यान्वयन के अंतर्गत वीटीएस स्टेशनों की स्थापना।	30.57
3	रा.ज.-28 में कार्गो परिवहन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन।	0.09

*****